हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 फॉरेस्ट विभाग की लापरवाही पर भड़कीं महिलाएं ...



07 ऊर्जा संरक्षण के छोटे प्रयास अब आम आदमियों...



## खबर संक्षेप

### आज सेमरीहरचंद में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**सेमरी हरचंद।** नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा। हिंदू सम्मेलन के आयोजन में सुबह 10:30 बजे स्थानीय रामलीला मैदान से कलश यात्रा निकलेगी जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम आयोजन स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचेगी कलश यात्रा उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्र के पूजनीय संत समाज मातृशक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत सामाजिक समरसता भोज का आयोजन होगा।

### मुख्यमंत्री का तुलादान कर की कविता भेंट



**माखननगर।** माखननगर दौरे पर आए मुख्यमंत्री को पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मस्थली के प्रथम आगमन पर संयुक्त व्यापारी संघ ने तुलादान किया एवं आशु गुरु ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री को राष्ट्रकवि चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता मुझे तोड़ लेना बनमाली उस पथ पर तुम देना फेक मातृभूमि पर शीश चढ़ने जिस पथ जाएं वीर अनेक की प्रति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

### आईटीआई में रोजगार एवं स्वरोजगार मेला संपन्न

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नर्मदापुरम में आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। अपर कलेक्टर रावत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार मेले के उद्देश्य, महत्व तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों के स्टॉल का भ्रमण कर उनसे चर्चा की, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। मेले का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य अनिल देशमुख, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. श्याम कुमार धुर्वे एवं जिला रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर धर्मेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी राहुल अहिरवार, दीपिका करारे, आदर्श कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में कुल 130 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विभिन्न कंपनियों एवं शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें से कंपनियों द्वारा 70 छात्र-छात्राओं का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया।

नर्मदा में हरी नेट लगाकर कर रहे नाले के पानी की पर्देदारी, क्या यह ठीक?

# नर्मदापुरम की लाइफलाइन पर गंदे नाले का प्रहार, जवाबदार सिर्फ मौन

मप्र की लाइफलाइन कल-कल बहती नर्मदा की धारा अब कोरीघाट पर दो रंगों में टूटकर बह रही है। एक धार में नीला पानी तो दूसरी धार में मटमेला पानी साफ नजर आता है, यह नजारा आम हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हर वर्ष नर्मदा जयंती पर की जाने वाली घोषणाएं आज भी सिर्फ कागजों में सिमटी हुई है। हकीकत में न तो नर्मदा जल में मिलने वाले नाले को साफ और स्वच्छ करने की कोई योजना नजर आती है। पिछले हफ्ते ही प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे के मौखिक निर्देश पर टीम ने नाले के जल को ओजोनाइजेशन तकनीक द्वारा शुद्ध करने पर विस्तृत चर्चा की थी, मगर मप्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली मां नर्मदा का जल आधुनिक मानकों के अनुरूप शुद्ध व सुरक्षित नहीं है, यह हम मान सकते हैं।

जिस नर्मदा को हम 'जीवनदायिनी' कहते हैं, उसी के साथ विश्वासघात की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। नर्मदापुरम में विकास की चकाचौंध के नीचे एक कड़वा सच दबाया जा रहा है। शहर के गंदे नालों को रोकने में नाकाम रहा प्रशासन अब अपनी नाकामी को 'हरी नेट' के पीछे छिपा रहा है। यह जाल केवल गंदगी को नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की उस जवाबदेही को छिपाने के लिए है, जो वर्षों से कागजों पर 'नर्मदा शुद्धिकरण' का ढोंग कर रहे हैं। विदित हो कि आगामी दिनों में नर्मदा जयंती का भव्य आयोजन होने वाला है।



### नर्मदापुरम में ही करीब 25 नाले मिलते हैं मां नर्मदा में

शहर की भौगोलिक स्थिति कुछ इस तरह बनी है कि नर्मदा से सटा वीआईपी क्षेत्र का पानी भी मां नर्मदा के जल को दूषित कर रहा है। आज जो तस्वीर दिख रही है उसे देखकर सिर्फ एक ही शब्द निकलता है, शर्म करो ? इसे ही कहते हैं जीते जी नरक दिखाना। हजारों घरों में सुबह का आचमन नर्मदा जल से होता है और वह लोगों की प्यास भी बुझाती है। लेकिन इसे दूषित करने से रोकने कोई प्रयास नहीं हो रहे। याद रखिए जिस जनता के भरोसे आप कुर्सियों पर काबिज हैं, वहीं जनता कहीं मां नर्मदा की यह स्थिति देखकर नाराज न हो जाए। ऐसे में गंदे नाले की हरी नेट से पर्देदारी कर आप क्या स्वच्छ आचमन लायक जल बना देंगे?

### अमृत में नरक बहा रहे

बदबूदार और गंदगी युक्त पानी को नर्मदारूपी अमृत जल में नरक के रूप में जिम्मेदार बहा रहे हैं। यह कराह उन लाखों नर्मदा भक्तों की है जो श्रद्धा के साथ मां का आचमन करते हैं। जबकि कोरीघाट के पास ही पंपिंग स्टेशन बना हुआ है जिसका पानी भीलपुरा में पहुंचकर शायद वापिस नर्मदा में पुनः मिल जाता है। ऐसे में वर्षों से मां नर्मदा को गंदे नाले के पानी से मुक्त करने की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। जबकि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया स्वयं यह मुद्दा बार-बार उठा चुकी है। प्रशासन की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा सबूत कोरी घाट पर देखने को मिलता है। यहाँ शहर का मुख्य नाला उफनते हुए सीधे मां नर्मदा में मिल रहा है। इसे ट्रीट करने या मोड़ने के बजाय, नगर पालिका ने वहां एक विशाल ग्रीन नेट लगा दी है।

### इसे कहते हैं करोड़ों के बजट का परिणाम शून्य

यह कोई प्रकृतिक आपदा नहीं मानवीय चूक है। लापरवाही सीधे-सीधे प्रशासनिक ही मानी जाए, जिस विभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी है वह चेतावनियों को हल्के में ले रहा है और जनप्रतिनिधि आंखे मूंदे बैठे हैं। वैसे देखा जाए तो नर्मदा के नाम पर अरबों रुपए बहाए गए। हर साल 'नर्मदा जयंती' पर प्रशासन संकल्पों की चादर ओढ़ता है, लेकिन हकीकत यह है कि आज तक एक प्रभावी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नेटवर्क तैयार नहीं हो सका।



### इनका कहना है

सीवर लाइन डालने से पहले जो काम यहां-वहां किया जा रहा है अगर वही काम नर्मदा में मिलने वाले नालों को संरक्षित रखने किया जाता तो शायद अब तक गंदे मिलने वाले नाले का पानी नर्मदा में नहीं जाता।

**अखिलेश खंडेलवाल,** प्रदेश संयोजक, भाजपा झुग्गी झोपड़ी मप्र

### इधर मां नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारी तेज



नगरपालिका द्वारा मां नर्मदा जन्मोत्सव और गौरव दिवस मनाने की तैयारियां की जा रही है। आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही घाट पर अतिक्रमण हटाने, साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जेटिस का भी निरीक्षण किया और उपयंत्री आयुष रिछारिया से तैयारी और बनाए जा रहे जलमंच से संबंधी जानकारी ली। इसके अलावा घाटों पर चल रही रंगाई पुताई का भी अवलोकन किया और तेजगति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत और नपा का अमला उपस्थित रहा।

# गणित दिवस पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन

गणित की जटिलताओं की सहज जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में शनिवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार महाविद्यालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों चित्रकला ,प्रश्नोत्तरी ,वाद विवाद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कामिनी जैन, विशिष्ट अतिथि शासकीय मोतीलाल महाविद्यालय भोपाल से डॉ अनिल राजपूत, एमजीएम इटारसी महाविद्यालय से डॉ रश्मि तिवारी,शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा से डॉ अशोक कुमार यादव, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनीत कुमार अग्रवाल ने मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज की संगोष्ठी में गणित की जटिलताओं की सहज जानकारी छात्राओं से साझा की जाएगी। जिससे गणित विषय अधिक रुचिकर प्रतीत होगा। गणित तार्किक सोच, समस्या समाधान विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करता है। गणित का उपयोग बजट बनाने और समय प्रबंधन जैसे दैनिक कार्यों से लेकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और वित्त जैसे जटिल क्षेत्रों में किया जाता है। यह हमारे जीवन में का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें बेहतर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है।वर्तमान समय में तकनीकी ने गणित को आसान बना दिया है। तकनीकी का भरपूर उपयोग करें परंतु तकनीक पर आधारित ना हो। जिज्ञासु बने रहें।

### माता महाकाली मठ में हुआ सुंदरकांड का आयोजन



**माखन नगर।** शनिवार को निधि निर्मल मालवी परिवार द्वारा परम पूज्य श्री श्याम चैतन्य जी महाराज के पावन सानिध्य में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। करेली के मानस भजन मंडल द्वारा सुमधुर धुन में सुंदरकांड गाया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक लोग ने शामिल हुए शाम को आरती का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बजरंग दल की कार्यक्रमों को लेकर जिला बैठक हुई

कार्यकर्ताओं से चर्चा कर योजना बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



बजरंग दल के प्रखंड सेमरी हरचंद में पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा करणीय आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को विभाग संगठन मंत्री उमेश पाराशर एवं प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने संबोधित कर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया। बैठक में प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल विभाग सह मंत्री राजेंद्र जी जिला मंत्री राजेंद्र साहू जिला संयोजक रोहित ठाकुर जिला गौ रक्षा प्रमुख नीतीश राठौर जिला सहसंयोजक रूपेश रघुवंशी प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मड़वार रविकांत पटेल युवराज पटेल हरिओम पटेल अनुज मालवीय दीपेश पटेल प्रशांत पटेल एवं जिले के समस्त प्रखंड अध्यक्ष कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# आनंद उत्सवः परंपरागत खेलों से ग्रामवासी हो गए रोमांचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्राचीन परंपरागत खेल खो-,खो कबड्डी ,मटकी दौड़ प्रतियोगिता ,कुर्सी दौड़, प्रतियोगिता, रस्सी दौड़, रूमाल झपट्टा आदि खेलों की प्रतियोगिता में रखी गई। शिवम विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए आनंद उत्सव में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक किशोर कडोले विद्यालय की प्राचार्य शीला चौधरी उप प्राचार्य विद्या सूर्यवंशी सचिव नागेंद्र सराठे प्रेरक अजय सिंह राजपूत हेमंत नागा निर्मल चौहान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

# दूषित पानी की घटना का विरोध प्रदर्शन कांग्रेसियों का उपवास और मौन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय नर्मदापुरम में स्थानीय गांधी पार्क के पास जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय के नेतृत्व मे नगर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा इंदौर मे दूषित और जहरीले पानी पीने से हुई मौतों और पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों को लेकर एवं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के कानूनी अधिकार को समाप्त करने के विरोध मे एक दिवसीय जिला स्तरीय उपवास एवं मौन धरना आयोजित किया गया। महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित कर मौन धरना उपवास प्रारम्भ हु जो शाम चार बजे समाप्त हुआ।



उपवास मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, वरिष्ठ नेता कपिल फौजदा, चन्द्रगोपाल मलैया , सत्येंद्र फौजदार, नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया , मधुसूदन यादव , वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, शेख रमजान, नगर अध्यक्ष कमलेश बाथरे , ग्रामीण अध्यक्ष अन्नू मलैया , अजय सैनी , अमृत बिंदु डेरिया गुलाम हैदर , रश्मि दीक्षित , युँका नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफ़ा , कुलदीप राठौर , बबलू राठौर , संतोष तोमर, सुरज तिवारी , अमित खत्री, रिज़वान खान, लता माधव , विजेंद्र राजपूत, विजय वर्मा , राजेंद्र दोहरे , सुनील चौहान , शेख पप्पू , मुकुल गुप्ता, शैलेंद तोमर, मोहन वैध , सलीम खान, आयुष्मान अवस्थी , विशाल प्रधान, अफराज़ खान, अलमास खान, रामगोपाल मालवीय आदि मौजूद रहे।

खेलो एमपी यूथ गेम्स में शतरंज की बिसात पर आदित्य और शिक्षा अव्वल

# शतरंज की बिसात पर एकाग्रता से लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही खेलों के माध्यम से अपने जीवन में बदलाव करना चाहिए। जिससे शरीर के साथ ही उनका मन एकाग्र बना रहा। इसी कड़ी में नर्मदापुरम के पं रामलाल शर्मा विद्यालय में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन हुआ। ब्लॉक की शतरंज प्रतियोगिता में जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित हुई जिसमें उभरते हुए खिलाड़ियों ने अपनी मानसिक एकाग्रता और चालों का लोहा मनवाया।

### कड़ा मुकाबला और चयन प्रक्रिया

प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय स्विस पद्धति के आधार पर चार चक्रों में किया गया। जिला शतरंज संघ के सचिव एसपी मेहरा ने मुख्य निर्णायक (आर्बिटर) की भूमिका निभाते हुए नियमों की पारदर्शिता सुनिश्चित की। बालक वर्ग में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखा गया, जिसमें अंकों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय टीम के लिए किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे जिसमें बालक वर्ग अंडर 19 में आदित्य आर्यन शुक्ला ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए 4 अंकों के




साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सक्षम सिंह राजपूत (3.5 अंक) द्वितीय, शाश्वत तिवारी (3 अंक) तृतीय और सात्विक शर्मा (3 अंक) चौथे स्थान पर रहे। सौरभ साहू को स्टैंड-बाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। इसी प्रकार बालिका वर्ग अंडर 19 में शिक्षा राजपूत ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। रिद्धिमा मंजुल दूसरे, आयुषी साहू तीसरे और अनुष्का व्यास चौथे स्थान पर रहीं।

### आयोजन समिति का योगदान

इस सफल आयोजन में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. अरविंद त्रिपाठी, एस.के. गौर, अजय डहारे, नीलिमा शुक्ला और अंकेश जोशी का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिभावान खिलाड़ियों जैसे आरस यादव, पर्व कुरापा, और यश वैश्य ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### 20 जनवरी को जिला स्तरीय स्पर्धा

खेल विभाग के महेंद्र पचलानिया ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि अब ब्लॉक स्तर के ये विजेता खिलाड़ी 20 जनवरी, मंगलवार को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता भी सुबह 11 बजे से डॉल्फिन एकेडमी में ही आयोजित की जाएगी, जहाँ पूरे जिले के ब्लॉकों से आए दिग्गज खिलाड़याके के बीच मुकाबला होगा।

### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 21 जनवरी को होगी आयोजित

**नर्मदापुरम।** जिले सहित संभाग की मुख्य कार्यकारी योजनाओं सहित आगामी योजनाओं का क्रियान्वयन करने संबंधी मुख्य बैठक का आयोजन 21 जनवरी को किया जाएगा। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर,कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

# रामचरितमानस कथा प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

हनुमान मंदिर महिला मंडल समिति एवं भक्तजनों द्वारा पटवारी लाइन श्री हनुमान मंदिर छोटे बालाजी वार्ड क्रमांक 12 में आयोजित श्री रामकथा के द्वितीय दिवस कथावाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंग सुनाए कथा के बीच में सुमधुर भजन की लय पर महिलाओ ने नृत्य करते हुए कथा का आनंद लिया।

कथा वाचक ने धर्म से जोड़ते हुए महिलाओं से कहा कथा श्रवण सुनने जब भी कथा पंडाल में जाए तब आवश्यक रूप से फल फूल अन्न दान जरूर करें। कथा श्रवण सुनने बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** बैतूलबाजार पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1,11,000 का चोरी का माल भी बरामद किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई। फरियादी अमित चौहान (33 वर्ष), निवासी आरुल रोड, बैतूल बाजार ने पुलिस को बताया कि 27 अगस्त 2025 को सुबह लगभग 10.30 बजे वह अपने परिवार के साथ पूजा के लिए बाहर गए थे। दोपहर करीब 1.45 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी राशि चोरी हो गई थी। सूचना मिलने पर सीन ऑफ क्राइम निरीक्षक आबिद अंसारी और डॉग स्क्वॉड ने थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे की उपस्थिति में घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। विवेचना के दौरान, पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ की, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हर्ष उर्फ हर्षवर्धन धुर्वे (22 वर्ष, निवासी चुन्नीढाना गंज), शिव उर्फ लाला बानखेड़े (20 वर्ष, निवासी गुर्गा वार्ड, बैतूल) और कमलेश उर्फ तरुण उर्फ अरुण उर्फ हांडी उदाशी (22 वर्ष, निवासी गौढाना, हाल इटारसी रोड, बैतूल) के रूप में हुई है।

## तेंदुए के हमले में घायल मासूम, पहले अस्पताल से लौटाया गया फिर कलेक्टर के हस्तक्षेप से एम्स पहुंचा

# फॉरेस्ट विभाग की लापरवाही पर भड़कीं महिलाएं विधायक बोलीं- अब आर-पार की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

ग्राम भौंरा में तेंदुए के हमले में घायल ढाई वर्षीय बालक आर्यन पिता दिनेश उईके के मामले ने वन विभाग और प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को घायल बच्चे को वन विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय बैतूल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद यह कहते हुए बच्चे को वापस कर दिया कि उसकी हालत गंभीर नहीं है। इसके बाद बच्चे को गांव लौटा दिया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई। शनिवार सुबह मामले ने तूल पकड़ लिया। ग्रामवासियों और विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी से सीधे चर्चा की। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्वास्थ्य विभाग को भौंरा भेजने के निर्देश दिए। इसके तहत ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एस. के. रघुवंशी भौंरा पहुंचे, जहां बच्चे का दोबारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर एंबुलेंस से बच्चे को भोपाल स्थित एम्स भोपाल रेफर किया गया। चिकित्सकीय दस्तावेजों के अनुसार, बच्चे के गर्दन और चेहरे के पिछले हिस्से में तेंदुए के दांतों से गहरे घाव हैं। उसे एंटी-रेबीज वैक्सीन, इम्युनोग्लोब्युलिन और टिटनेस इंजेक्शन सहित आवश्यक उपचार दिया जा रहा है।





### महिलाओं का ज्ञापन, विधायक का सख्त रुख

घटना के बाद शनिवार को ग्राम भौंरा की करीब आधा सैकड़ा महिलाएं विधायक के निवास पहुंचीं और ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग बीते एक माह से केवल खानापूर्ति कर रहा है। तेंदुआ गांव के भीतर तक पहुंच चुका है और मुर्गा-मुर्गी, बकरा-बकरी के बाद अब मासूम पर हमला हो चुका है। इस पर विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। यदि समय रहते वन विभाग ने प्रभावी कार्रवाई की होती तो मासूम पर हमला नहीं होता। मैंने कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है। बच्चे के इलाज में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी और तेंदुए को पकडऩे के लिए अब सख्त कार्रवाई होगी।

### आज मौके पर पहुंचे वरिष्ठ वन अधिकारी

घटना के बाद बढ़ते जन आक्रोश के बीच शनिवार सुबह से ही सीसीएफ राखी नंदा, रेंजर सहित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी ली और आगे की रणनीति पर मंथन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह से तेंदुआ रहवासी इलाकों में घूम रहा था, लेकिन वन विभाग समय रहते उसे पकड़ने में नाकाम रहा। चार पिंजरे, कैमरे और घोषणाओं के बावजूद कोई ठोस सफलता नहीं मिली। मासूम पर हमला होने के बाद भी शुरुआत में मामले को हल्के में लेना और घायल बच्चे को अस्पताल से वापस भेजना लापरवाही का गंभीर उदाहरण बताया जा रहा है।

### गांव में डर, जवाबदेही की मांग

मासूम के घायल होने के बाद भौंरा में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब चेतावनियों से काम नहीं चलेगा। तेंदुए को तुरंत पकडऩे और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है। लोगों का साफ कहना है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग पर होगी। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई दिनों से तेंदुआ भौंरा के आसपास घूम रहा है। लेकिन वन विभाग द्वारा अभी तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी तेंदुए को पकड़ने में लापरवाही बरत रहे है। यदि जल्द ही तेंदुए को नहीं पकड़ा गया तो किसी पर जानलेवा हमला कर नुकसान भी पहुंचा सकता है। ग्रामीणों ने तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।



### तेंदुआ के हमले में घायल बच्चे के इलाज के लिए महिलाओं ने विधायक को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा/शाहपुर

ग्राम भौंरा में जंगली जानवर तेंदुआ के हमले में घायल हुए ढाई वर्षीय बालक के इलाज के लिए महिलाओं ने विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके को आवेदन दिया। आवेदन देने के लिए लगभग आधा सैकड़ा महिलाएं विधायक के निवास पर पहुंची। महिलाओं ने विधायक से मांग की है कि तेंदुआ को जल्द से जल्द पकड़वाया जाए और घायल बच्चे के इलाज के लिए हर संभव मदद की जाए। महिलाओं ने कहा कि फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी केवल खाना पूर्ति कर रहे हैं और तेंदुआ को पकड़ने में विफल हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुआ ने गांव में दर्जनों मुर्गा मुर्गी, व बकरा बकरी भी खा लिया है। उन्होंने विधायक से मांग की है कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही फारेस्ट विभाग से बात करेगी और तेंदुए को पकड़ने की कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चे के इलाज के लिए भी हर संभव मदद की जाएगी। गौरतलब है कि फॉरेस्ट विभाग ने महीना भर पहले 4 हाथी को एसटीआर की तरफ से लाया था, लेकिन वे भी तेंदुआ को नहीं खोज पा रहे हैं।

## बाबा मठारदेव मेले में भोजन व्यवस्था पर सवाल

# लाखों का टेंडर, फिर भी बेस्वाद खाना!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

बाबा मठारदेव मेले की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल के लिए नगरपालिका द्वारा की गई भोजन व्यवस्था एक बार फिर विवादों में आ गई है।

नगरपालिका हर वर्ष मेले के दौरान पुलिस बल के लिए लाखों रुपए के टेंडर जारी करती है, ताकि ड्यूटी पर तैनात जवानों को समय पर पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को खोखला साबित कर रही है। इस वर्ष भी नगरपालिका ने पुलिस बल के सुबह-शाम के भोजन की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा कैटरिंग सर्विस एवं बंजारा होटल एंड रेस्टोरेंट को सौंपी है। अन्नपूर्णा कैटरिंग सर्विस को चाय-कॉफी वितरण की जिम्मेदारी भी दी गई है, लेकिन मेले में ड्यूटी पर आए कई पुलिसकर्मियों का आरोप है कि उन्हें जो खाना दिया जा रहा है, वह बेस्वाद, घटिया गुणवत्ता का और खाने लायक नहीं है। मजबूरी में कई जवानों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर बाहर से भोजन खरीदना पड़ रहा है। पुलिस बल का कहना है कि चाय के नाम पर गर्म पानी जैसा पेय दिया जा रहा है, जिसमें न तो स्वाद है और न ही ड्यूटी के दौरान जरूरी ऊर्जा देने की क्षमता।



### पिछले साल भी इसी कैटरिंग सर्विस को मिला था ठेका

चौंकाने वाली बात यह है कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा। पिछले वर्ष भी अन्नपूर्णा कैटरिंग सर्विस को ही यह कार्य सौंपा गया था, उस समय भी भोजन की गुणवत्ता को लेकर पुलिस बल द्वारा शिकायत की गई थीं। इसके बावजूद इस वर्ष फिर से उसी कैटरिंग सर्विस को काम दिया गया और हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। पुलिसकर्मियों का कहना है कि वे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में दिन-रात तैनात हैं, लेकिन खराब भोजन और पेय व्यवस्था से उनकी सेहत और कार्यक्षमता दोनों प्रभावित हो रही हैं। सवाल यह उठता है कि जब नगर पालिका लाखों रुपए का भुगतान कर रही है, तो भोजन की गुणवत्ता की जांच और निगरानी किस स्तर पर हो रही है?

### लापरवाही को अधिकारी कर रहे अनदेखा

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतने बड़े धार्मिक आयोजन में पुलिस बल जैसी जिम्मेदार फोर्स के साथ इस तरह की लापरवाही पूरी व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े करती है। नगर पालिका इस मामले में ठेकेदार पर कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी हर साल की तरह अनदेखा कर दिया जाएगा।

## 18.43 करोड़ लागत से करबला घाट पर माचना नदी पुल का भूमिपूजन आज



**बैतूल।** शहरवासियों की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। बैतूल-खेड़ी मार्ग पर करबला घाट स्थित माचना नदी पर प्रस्तावित पुल का भूमिपूजन रविवार 18 जनवरी 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ब्रिज ने बताया कि पुल की प्रशासकीय लागत 18.43 करोड़ रुपए तथा तकनीकी लागत 10.80 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर चौड़ा यह पुल 4 लेन का होगा। निर्माण कार्य को 18 माह की अवधि में पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि यह पुल लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रहा है। बारिश के मौसम में माचना नदी उफान पर होने से यहां आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे आम नागरिकों के साथ ही व्यापार और परिवहन भी प्रभावित होता है। पुल बनने के बाद बैतूल शहर की सीधी कनेक्टिविटी हरदा-इंदौर नेशनल हाईवे और भोपाल-नागपुर नेशनल हाईवे से हो जाएगी।

### माधव बस्ती में हिन्दू सम्मेलन आज

बैतूल। संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत माधव बस्ती का हिंदू सम्मेलन संजीवनी हॉस्पिटल के पास सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित पंच परिवर्तन विषय को लेकर आज रविवार आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने सुबह 10 बजे विशाल शोभा यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# मध्यप्रदेश पत्रोपाधी अभियंता संघ क्षेत्र सारनी द्वारा वार्षिक डायरी का विमोचन



**सारनी।** मध्यप्रदेश पत्रोपाधी अभियंता संघ क्षेत्र सारनी द्वारा संघ की वर्ष 2026 की वार्षिक डायरी का विमोचन किया गया। डायरी का विमोचन मुख्य अभियंता एसके तिल्लौरे, अधीक्षण अभियंता (यांत्रिकी संधारण) डीपी मिश्रा तथा अधीक्षण अभियंता (संचालन) मनीष शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर म.प्र.पत्रोपाधी अभियंता संघ क्षेत्र सारनी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

संघ द्वारा वार्षिक डायरी के विमोचन के लिए मुख्य अभियंता एवं उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा स.ता.वि.गृह में पदस्थ अति मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता एवं सभी अधीक्षण अभियंताओं को वर्ष 2026 की डायरी भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में संघ के अधिकारी नंदकिशोर बघेल, कुलभूषण दमाड़े, रोहित कोटे, नवल किशोर झा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अभियंता संघ की एकजुटता और संगठनात्मक सक्रियता देखने को मिली।

### यूनियन के वार्षिक कैलेंडर 2026 का हुआ विमोचन

**सारनी।** विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता (संधारण चार) डीपी मिश्रा रहे। उनके करकमलों से यूनियन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारी पुनीत भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनियन द्वारा कर्मचारियों के हित में विगत आठ वर्षों से पार्ट टाइम डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ कराने हेतु लगातार प्रयास किए गए। इन प्रयासों को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा वर्ष 2017 से निरंतर सहयोग मिला। साथ ही आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के सहयोग से पार्ट टाइम डिप्लोमा कोर्स का शुभारंभ संभव हो सका। मुख्य अतिथि डी.पी. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है और ऐसे समय में सभी को संगठित होकर राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन श्रमिक हित में सराहनीय कार्य कर रहा है और युवाओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाना चाहिए। कार्यक्रम में सोहनलाल कहार, निर्मल प्रजापति, अमित सल्लाम, विवेक करोले, किन्शुक नामदेव, संदीप आरसे, संतोष प्रजापति, पुनीत भारती, विनय तरटे सहित बड़ी संख्या में यूनियन सदस्य उपस्थित रहे।

# शराबबंदी के बावजूद मुलताई में फल-फूल रहा अवैध शराब कारोबार

## घर-घर पहुंच रही शराब, लाखों के अवैध स्टॉक बरामद



**मुलताई।** प्रदेश की 17 धार्मिक एवं पवित्र नगरियों में शराबबंदी की घोषणा के बाद भी मुलताई नगर में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। शराबबंदी से पहले जहां नगर में चार शासकीय मदिरा दुकानें संचालित होती थीं, वहीं अब शराबबंदी के बाद पवित्र नगरी में दर्जनों अवैध शराब दुकानें सक्रिय हो गई हैं। स्थिति यह है कि प्रतिदिन लाखों रुपये का अवैध शराब व्यापार बिना किसी रोक-टोक के घर-घर तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने हाल ही में एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से लाखों रुपये मूल्य की देसी व विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी टीम ने सुभाष वार्ड, मुलताई निवासी आरोपी आशीष पिता प्रवीण कालबंडे (उम्र 36 वर्ष) के घर पर छापा मारकर कुल 19 पेटी बीयर, 02 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 10 पेटी देशी मदिरा मसाला तथा 07 पेटी व्हिस्की जब्त की। जब्त की गई अवैध मदिरा की कुल मात्रा लगभग 169.2 लीटर है। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई वृत्त प्रभारी आबकारी अधिकारी राजेश वट्टी द्वारा की गई। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 1,11,720 आंकी गई है।

### ठोस कार्रवाई के अभाव में नहीं लग पा रहा अंकुश

नगर में अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक न लग पाने को लेकर आमजन में रोष है। जानकारी के अनुसार, बीते छह माह में मुलताई पुलिस व आबकारी विभाग ने शराब से जुड़े कई प्रकरण दर्ज किए हैं, लेकिन अधिकांश आरोपी जमानत पर छूटकर दोबारा इसी अवैध धंधे में सक्रिय हो गए हैं, जबकि कुछ आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि विदेशी शराब पर दर्ज बैच नंबर के आधार पर यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि शराब किन ठेकेदारों अथवा किन स्थानों से लाई जा रही है।



## जूनियर क्रिकेटरों के लिए सुनहरा मौका आज

**इटारसी।** शहर और तहसील के उभरते नन्हे क्रिकेटरों के लिए बड़ी खबर है। इटारसी तहसील की अंडर-14 (बालक वर्ग) क्रिकेट टीम के चयन के लिए रविवार, 18 जनवरी 2026 को ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। यह ट्रायल दोपहर 2 बजे से रेलवे कॉलोनी यार्ड स्थित कैडबरी क्रिकेट एकेडमी में शुरू होगा। आयोजक कुलभूषण मिश्रा और जितेन्द्र ओझा ने बताया कि 01/09/2012 या उसके बाद जन्मे बच्चे ही इस ट्रायल में भाग ले सकेंगे।

## ट्रांसफार्मर बदलने घंटों बंद रखा बिजली वितरण

**सोहागपुर।** सोहागपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सुचारू विद्युत वितरण के लिए एक बड़ा पॉवर ट्रांसफार्मर शहर के विद्युत सब स्टेशन में लगा हुआ है। वर्षों पुराना तथा पांच एमवीए का यह ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसे अब बदला गया है। बताया जाता है कि पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर में कई बार जलने व खराब होने की समस्या होती रहती थी। तथा गर्मी में लोड बढ़ने के कारण क्षेत्र में बार-बार बिजली वितरण बाधित होता था। और अब इसका बदलाव किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को लगभग छह से घंटे से अधिक समय तक विद्युत वितरण बंद रखा।

### 29 हजार 174 उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची 227 करोड़, 39 लाख की सब्सिडी

# ऊर्जा संरक्षण के छोटे प्रयास अब आम आदमियों को दे रहे बचत की सौगात

सोलर लाइट का कान्सेप्ट अब आम आदमियों को रास आने लगा है। खासतौर पर सर्दियों में निकलने वाली भरपूर धूप घर में लगने वाले सोलर उपकरणों को रोशन कर रही है। जहां बिजली गुल होने के बाद भी यह लाइट रोशनी देती है। वहीं बिजली की बचत का प्रभावी तरीका बन गई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल 29 हजार 174 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। जिन्हें 227 करोड़, 39 लाख रूपये से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं। देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर योजना का शुभारंभ 13 फरवरी 2024 को हुआ था। तब से लेकर आज दिनांक तक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। योजना में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.portal.mpcz.in अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

कंपनी ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर सब्सिडी मिले इसके लिए वेंडर और उपभोक्ता दोनों को ध्यान रखना होगा कि उनके बैंक खाते में नाम, आधार कार्ड में नाम तथा बिजली बिल में नाम एक समान होना चाहिए। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एस.ओ.आर. रेट पर उपभोक्ताओं को प्रदान किए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं द्वारा सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रूपये तक की कमी परिलक्षित हो रही है। कंपनी ने कहा कि जिन रूफटॉप सोलर प्लांट में नेट मीटर के साथ मोडेम व सिम लगे होने के बाद भी अगर डाटा कम्युनिकेशन का अभाव है तो संबंधित सोलर वेंडर को नोटिस जारी किए गए हैं। अगर कम्युनिकेशन फिर भी स्थापित न होने की अवस्था में वेंडर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक चोरी के महज 48 घंटे के भीतर आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुर




शिवपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में तत्परता दिखाते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल और साक्ष्य मिटाने के लिए फेंकी गई नंबर प्लेट भी बरामद कर ली है।

### क्या था पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, फरियादी रामदास 37 वर्ष, निवासी बाबडिया भाऊ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 3:15 से 4 बजे के बीच फरीदपुर रोड से उनके साले राजेंद्र पवार की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर एमपी 05 जेड ए 9014 चोरी हो गई थी। काफी तलाश के बाद जब बाइक का पता नहीं चला, तो पुलिस ने 15 जनवरी को धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### घेराबंदी कर दबोचा आरोपी

थाना प्रभारी विवेक यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ ग्राम चापड़ाग्रहण के पास देखा गया है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर अजय केवट उर्फ प्रदीप 25 वर्ष, निवासी सिवनी मालवा को हिरासत में लिया।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी अजय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने अपने साथी अमन बाडीवा 19 वर्ष के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए बाइक की नंबर प्लेट निकालकर फेंक दी थी, जिसे पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बरामद कर लिया है।

इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी विवेक यादव के साथ टीम के सदस्य विशाल भदौरिया, रविन्द्र यादव, पवन तिवारी, विवेक तिवारी, ओमप्रकाश जाट, राहुल लखोरे, दीपक प्रजापति, विष्णु सनकत और प्रीति चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## मछली पालन केंद्र का छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय के बी.एससी. प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने पाठ्यक्रम अनुसार मप्र मत्स्य महासंघ (सह.) मर्या. मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, पवारखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक कविता इवने ने मछली संवर्धन एवं एक्वाफोनिक्स तकनीक, मत्स्य बीज संबंधी जानकारी-जैसे प्रजनकों की छटाई, इंजेक्शन लगाना, मछली के अंडों व स्पान संबंधी जानकारी, फ्राई का अवलोकन करना, मत्स्य बीज संवर्धन तथा नर्सरी, रियरिंग, बुडर्स तथा हेचरी का संचालन, पोखर के प्रकार, प्राकृतिक एवं कृत्रिम ब्रीडिंग की समस्त जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई, साथ ही बताया कि विदेशी मछली पंगेसियस का भी यहां संवर्धन किया जा रहा है।

डॉ. संजय ने बताया कि किस प्रकार से मत्स्य पालन करने के लिए शासकीय योजना का लाभ लेकर अनुदान प्राप्त कर अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। छात्राओं द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण भी किया गया।


## समिति गठन को लेकर नगर कांग्रेस की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर में कांग्रेस पार्टी के मेरा बूथ मेरा वार्ड अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 की समिति के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ, वार्ड अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से 25 सदस्यों की समिति के गठन पर सहमति बनी। बैठक का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाना रहा। बैठक को नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी एवं गुफरान अंसारी ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावी तैयारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर वार्ड प्रभारी मुन्ना सिद्दीकी, नरेश चौहान, अमोल उपाध्याय, पार्षद दिलीप गोस्वामी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मनीष चौधरी, नितेश सोलंकी, चुन्ना चौधरी, एनएस चौहान, अखिलेश पटेल सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## शासकीय एमजीएम कॉलेज में गूंजा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय एमजीएम कालेज में वंदे मातरम गायन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित गीत 1882 के उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना और 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला।

इसकी धुन पहली बार 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाई थी। उन्होंने यह भी साझा किया कि राष्ट्रीय गीत के आधिकारिक छंदों के गायन की मानक अवधि लगभग 65 सेकंड होती है। डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि ऊर्जा का स्त्रोत है। ज्योति दीवान ने विद्यार्थियों को गायन की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रुति ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुसन मनोहर, डॉ. अर्चना शर्मा सहित महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## रेलवे यूनियन के तत्वावधान में जारी है क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन के तत्वावधान में जारी अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ विभागों की टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें शनिवार को चार मैच खेले गए। पहला मैच इंजीनियरिंग विभाग और रेल सुरक्षा बल के मध्य खेला गया। जिसमें इंजीनियरिंग विभाग ने मैच 20 रनों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच एसएंडटी एवं टीआरएस के मध्य खेला गया, जिसमें बड़े ही रोमांचक मुकाबले में एसएंडटी टीम ने 2 रन से मैच जीता। तीसरा मैच सीएंडडब्ल्यू एवं टीआरओं के मध्य खेला गया। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का सर्वाधिक स्कोर 155 रन 10 ओवर में बनाए और 83 रन से जीता। चौथा और आखरी मैच डीजल शेड ओर जीआरपी के मध्य खेला गया। डीजल शेड ने 98 रनों से यह मैच जीता। रविवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। डब्ल्यूसीआरयू की ओर से मंडल अध्यक्ष आरके यादव, मंडल सचिव मनोज रैकवार, मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, एससीएसटी एसोसिएशन मंडल अध्यक्ष हितेश डोंगरे , 12 बंगला सचिव वकील सिंह, इंजीनियरिंग शाखा सचिव भूषण कनौजिया, विनोद गोरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजन समिति सदस्य नरेश पाठक, अनुभव पाल, ललित रघुवंशी, राजेश मोर्या, प्रदीप मांझी, अरविंद सैनी, राजेश बड़कुर, योगेश फिरके, सज्जन सिंह, सुमेर मीना, विनय विश्वकर्मा, रविकांत आदि ने कार्यक्रम संचालित किया।

## बिजासेन देवी दरबार में श्रीमदभागवत कथा जारी, बसंतोत्सव कार्यक्रम में होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



महर्षि कॉलोनी स्थित बिजासन देवी दरबार में बसंत उत्सव एवं स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन पं देवेंद्र दुबे ने राजा परीक्षित के जन्म और शुकदेव जी के आगमन के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया।

द्वितीय दिवस की कथा में सूतजी से ऋषियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों की व्याख्या करते हुए पं दुबे ने बताया कि जब भगवान श्री कृष्ण अपनी लीलाएं पूर्ण कर स्वधाम गमन कर गए, तब धर्म श्रीमद् भागवत महापुराण की शरण में चला गया। कथा व्यास ने शमीक ऋषि के अपमान और श्रृंगी ऋषि द्वारा राजा परीक्षित को दिए गए सात दिनों में मृत्यु के श्राप के प्रसंग पर मार्मिक प्रकाश डाला। उन्होंने आध्यात्मिक बोध कराते हुए कहा कि वास्तव में हर मनुष्य परीक्षित है, क्योंकि सप्ताह में सात ही दिन होते हैं और हमारी मृत्यु भी इन्हीं सात दिनों में से किसी एक दिन होनी निश्चित है। इसलिए जीवन में भक्ति का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मंदिर प्रांगण में हो रही है। समिति अध्यक्ष प्रमोद भार्गव ने बताया कि 23 तारीख को यज्ञ-हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक सुनील पाठक ने धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

## पुरानी रंजिश के चलते न्यास कालोनी में हुई चाकूबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कॉलोनी में शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक 20 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना रात करीब 12:15 बजे की है, जब पीड़ित अपने घर के पास था। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित श्यामू भाट 20 वर्ष, जो न्यास कॉलोनी स्थित साईं की बगिया के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहता है, पर आरोपियों ने हमला किया। घटना बिजली सब स्टेशन के पास हुई है। हमले के दौरान आरोपियों ने श्यामू के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से वार कर दिया। पीड़ित के पिता उत्तम भाट ने इटारसी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हमले में श्यामू के हाथ में गहरी चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही इटारसी थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने जांच टीम भेजी। चाकूबाजी में घायल युवक का उपचार कराया गया है और फिलहाल उसकी हालत सामान्य है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रूपसिंह मेहरा और लक्की मेहरा दोनों निवासी न्यास कॉलोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## शहर में खेलो एमपी पिट्टू प्रतियोगिता संपन्न, 61 प्रतिभागियों नें लिया हिस्सा, 20 को अगला पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वीर सावरकर स्टेडियम में खेलो एमपी के तहत पिट्टू खेल की विकासखंड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विकासखंड क्षेत्र के 39 लड़की एवं 22 लड़कों ने भाग लिया।

खेलो एमपी की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में उपस्थित सपना गिरधारी, संचालक आर्चरी नोडल खेल केंद्र एवं प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी, अशोक मालवीय जिला अध्यक्ष पिट्टू संघ, जाफर सिद्दीकी सचिव जिला पिट्टू संघ, देवेंद्र परिहार वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला पिट्टू संघ, गीता चौधरी सांस्कृतिक प्रभारी एवं संरक्षक आर्चरी खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थिति रही।

बालकों की चार एवं बालिकों की छह टीम बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ हुआ। श्रेष्ठ के आधार पर 12 - 12 खिलाड़ी छात्र छात्राओं का चयन किया गया। यह चयनित खिलाड़ी आगामी 20 तारीख को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेलों एमपी पिट्टू प्रतियोगिता में नर्मदापुरम विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जाफर सिद्दीकी ने बताया की खिलाड़ियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है और खिलाड़ियों की तकनीकी कौशल के आधार पर ही उनका चयन किया गया है ताकि आगामी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सके। अशोक मालवीय ने कहा कि पारंपरिक खेल को जोड़ने से समाज में एक उत्साह की लहर है। महेंद्र पचलानिया खेल एवं कल्याण विभाग सामान्य का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। टीम की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मुख्यमंत्री ने की मनोहर फार्म के प्राकृतिक उत्पादों की सराहना




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शुक्रवार को माखननगर में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान डॉ. यादव ने आयोजन स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का निरीक्षण किया। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा समूचे नर्मदापुरम क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के लिए चर्चित मनोहर कृषि फार्म का काउंटर भी सज्जित किया था। जहां प्राकृतिक रूप से उत्पन्न किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। काउंटर पर पहुंचकर सीएम डॉ. मोहन यादव ने काफी समय बिताया। कृषि फार्म संचालक व प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सुभाष पटेल के साथ मुख्यमंत्री ने काफी देर तक चर्चा की।

जिसमें सुभाष पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि वे कैसे रसायन रहित खेती करते हुए स्वस्थ फसलों व सब्जियों का उत्पादन करते हैं। तथा इसका प्रशिक्षण मध्य प्रदेश सहित गुजरात व अन्य प्रदेशों में भी दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने सराहना की।

### सोहागपुर की केशव बस्ती में संपन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

# कलश यात्रा व आयोजन में शामिल हुआ हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



समूचे देश में सकल हिंदू एकीकरण के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को सोहागपुर नगर की केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सकल हिंदू समाज से हजारों नागरिक कर्तव्य भाव के साथ उपस्थित हुए।

सोहागपुर शहर को केशव बस्ती तथा माधव बस्ती में विभाजित किया गया है। जिसमें से केशव बस्ती का हिंदू सम्मेलन शनिवार को नगर परिषद के मंगल भवन परिसर में संपन्न हुआ। सम्मेलन आयोजन पूर्व भव्य कलश यात्रा देनवा कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर से निकाली गई। भगवा ध्वज के साथ निकाली गई कलश यात्रा नप मंगल भवन पहुंची। जहां हिंदुओं ने यात्रा का पुष्प वर्षाकर अभिनंदन किया। इसके बाद गायत्री परिवार ने हवन आयोजन किया गया।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा सज्जित चैतन्य नौ देवियों व भारत माता की झांकी का अवलोकन हिंदुओं ने किया।

इस दौरान जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, सेवानिवृत्त उपयंत्री रामभरोसे सूर्यवंशी, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, समाजसेवी कृष्णा पालीवाल एवं सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे।

### वक्ताओं ने दिये उद्बोधन

शंकर विवेकानंद आश्रम ईशरपुर के संचालक स्वामी ईशानानंद सरस्वती ने सामाजिक समरसता पर उद्बोधन दिया। आरएसएस जिला कार्यवाह संजू सिलावट ने हिंदू जागरण का आह्वान कर स्वदेशी अपनाने की बात कही। उन्होंने भारत विरोधी तत्त्वों का विरोध करने का आह्वान किया। डॉ. राजकुमार शास्त्री गायत्री साधन केंद्र माखन नगर ने यज्ञ व गायत्री माता का पूजन कराया। पिपरिया से आईं ब्रह्मकुमारी दीदी बीके शैलम ने अध्यात्म के प्रकाश से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की बात कही। भंडारा आयोजन से सम्मेलन का समापन किया गया।

## रामकृष्ण विवेकानंद वेदांत समिति ने बांटे गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




रामकृष्ण विवेकानंद वेदान्त समिति नर्मदापुरम शीतकालीन राहत कार्य अंतर्गत प्रतिवर्ष आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित करती है। इस वर्ष भी समिति की ओर से उक्त कार्य किया गया है। समिति के नगर सोहागपुर स्थित कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति ने पिपरिया ब्लॉक के आदिवासी ग्राम सांगई, हथनी खापा, मुहारी खुर्द, अनजंढाना, नया नानकोट, नया धारगांव, सोनपुर विस्थापित ग्रामों में सेवा कार्य किया गया है।

इस दौरान क्षेत्र की चार शासकीय शालाओं में अध्ययनरत 163 बच्चों को स्वेटर, मोजे एवं टोपी वितरित किये गए हैं। इसके साथ ही पांच आंगनबाड़ी केंद्रों में 150 बच्चों को भी स्वेटर, टोपी और मोजे प्रदान किए गए। तीनों गांवों में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को 161 कंबल वितरित किए गए हैं। विशेष रूप से गर्भवती व धात्री महिलाओं, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगों को भी आवश्यक सामग्री दी गई है।

इस दौरान राहत कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष स्वामी वीरेशानंद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांजलतिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव, अमन शर्मा, प्रियंका रघुवंशी, रोहन हरियाले एतथा अभिषेक लखोरे ने सक्रिय योगदान दिया।

### एकलव्य स्कूल के 400 छात्र-छात्राएं हॉस्टल की दीवार फांदकर हरदा पैदल चल पड़े

# छात्र-छात्राओं के आरोप पर किए निरीक्षण में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिली

### कलेक्टर ने सोडलपुर में पहुंचकर बातें की और आश्वासन दिया फिर बस से वापस भेजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा/रहटगांव

जिले के रहटगांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में शनिवार तड़के उस वक्त बड़ा हंगामा हो गया, जब खराब भोजन और अव्यवस्थाओं से नाराज करीब 400 छात्र-छात्राएं हॉस्टल की दीवार फांदकर पैदल ही कलेक्टर से शिकायत करने निकल पड़े।

छात्रों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से भोजन की गुणवत्ता खराब है और शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है। करीब 8 किलोमीटर पैदल चलने के बाद सोडलपुर में नेशनल हाईवे पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने उन्हें रोक लिया। कलेक्टर ने सड़क पर ही बैठकर छात्रों की समस्याएं सुनीं। करीब डेढ़ घंटे की समझाइश और जांच के आश्वासन के बाद छात्रों को बसों से वापस विद्यालय भेजा गया। छात्र छात्राओं का आरोप है कि प्राचार्य भोजन और नाश्ता ठीक नहीं देतीं और शिकायत करने पर स्कूल से निकालने की धमकी देती हैं। कलेक्टर ने आरोप के बाद जब जांच कराई तो आवासीय विध्यालय में जो खाद्य सामग्री मिली उसका पंचनामा अधिकारियों ने बनाया, जिसमे पाया कि अधिकांश सामग्री एक्सपायरी डेट की मिली। विधायक अभिजीत शाह ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने पानी की टंकी देखि तो पाया कि उसमें मेंढक और कचरा मिला। आक्रोशित छात्र प्राचार्य सोनिया आनंद हाय-हाय के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।



#### पानी की टंकी में मिला मेंढक

घटना की सूचना पर विधायक अभिजीत शाह भी हॉस्टल पहुंचे। उन्होंने रसोई में रखी खाद्य सामग्री की जांच की, जिसमें कई खामियां पाई गईं। जब पीने के पानी की टंकी चेक की गई तो उसके अंदर पेड़ की जड़ें और मेंढक मिले। विधायक ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की, ताकि विद्यार्थियों को शुद्ध भोजन और साफ पानी मिल सके। उल्लेखनीय है कि छात्रावास का संचालन जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत होता है।

#### पालक समिति बनाई

सूचना मिलने के बाद सोडलपुर में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय और एसडीएम संजीव कुमार नागू ने छात्रों को समझाया। कलेक्टर ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी के लिए पालक समिति बनाई जा रही है, जो हर सप्ताह भोजन चखेगी और स्टॉक भी जांचेगी। इसके अलावा छात्रों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक ह्यसंपर्क समितिह्न भी गठित की जाएगी, जिससे वे सीधे कलेक्टर या जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकें।

#### इनका कहना है...

छात्रों का मुख्य आक्रोश भोजन की गुणवत्ता और प्राचार्य से जुड़े मुद्दों को लेकर है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए वे स्वयं मौके पर पहुंचे और फिलहाल छात्रों को समझाकर वापस भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**सिद्धार्थ जैन**, कलेक्टर हरदा



### हरदा पुलिस ने की कार्रवाई

# जंभेश्वर महाराज पर अभद्र टिप्पणी करने पर जेल भेजा



**हरदा।** गुरु जम्भेश्वर महाराज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को कोर्ट ने शनिवार को जेल भेज दिया है। विश्नोई समाज के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। यह घटना शुक्रवार शाम को हुई थी। विश्नोई समाज के लोगों ने अपने आराध्य देव गुरु जम्भेश्वर महाराज पर एक युवक द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी का विरोध किया था। समाज के सदस्यों ने सिटी कोतवाली थाने में प्रदर्शन कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया था।शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। टीआई रोशन लाल भारती ने बताया कि आरोपी पर मारपीट, आईटी एक्ट सहित अन्य कई प्रकरण पहले से दर्ज हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में किसी भी धर्म या जाति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के ग्राम जाटगुराड़िया निवासी महेंद्र सिंह पटेल ने अपनी फेसबुक आईडी से गुरु जम्भेश्वर महाराज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के सामने आने के बाद विश्नोई समाज में गहरा आक्रोश फैल गया था। विश्नोई समाज के लोगों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समाज के सचिव बलराम झुरिया की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाने में आरोपी महेंद्र पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में एक महत्वपूर्ण बात यह भी सामने आई कि वकीलों ने आरोपी की पैरवी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट में आरोपी की तरफ से कोई भी वकील खड़ा होने को तैयार नहीं हुआ।

#### 2 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**हरदा।** जिले की दो खो-खो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है। खो-खो कल्याण संघ के संयुक्त सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर ने बताया, हरदा की पलक उइके और प्रिंसी उइके का चयन राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पलक उइके 58वीं राष्ट्रीय ओपन सीनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में खेलेंगी। यह प्रतियोगिता तेलंगाना के काजीपेट में होगी। वहीं प्रिंसी उइके का चयन अंडर-14 शालेय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता राजस्थान के टेकरी में होगी।

## हिंदू सम्मेलन हुआ, शोभायात्रा का किया स्वागत



**रहटगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रहटगांव में शनिवार को विशाल हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गार्डन परिसर से पारंपरिक कलश यात्रा के साथ हुआ कलश यात्रा में महिलाएं महिलाओं बालिकाओं युवाओं और पुरुषों के बड़ी संख्या में सहभागिता कर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का परिचय दिया डीजे बैंड बाजे एवं साधु संतों के साथ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए जहां सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है वहां पहुंची। यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घघोस से पूरा नगर भक्ति रस में सरोवर हो गया और वातावरण पूरी तरह धार्मिक बन गया। शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत भी किया गया। विशाल हिंदू समाज सम्मेलन में रहटगांव नजरपुरा एवं मोहनपुर की समस्त सकल सर्व हिंदू बंधु शामिल होकर इस सम्मेलन को सफल बनाया। सम्मेलन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया सभी ने एक साथ बैठकर सहभोज किया। गार्डन परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में साधु संतों का वक्ताओं ने सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा सामाजिक समरसता पारिवारिक मूल्य और नैतिक आचरण पर अपने विचार रखें। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समरसता एकता और संस्कृति चेतना को मजबूत करना है साथ ही पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना तथा समाज में बढ़ते सामाजिक दूरी पारिवारिक विघटन और भी कई मुद्दों को लेकर हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित गया किया। आयोजन किसी भी राजनीति को उद्देश्य से नहीं है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत करना इसका मूल उद्देश्य है। समापन के अवसर पर भारत माता की सामूहिक आरती भजन और प्रार्थना के साथ शांति सद्भाव एवं राष्ट्र उन्नति की कामना की गई। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए आयोजन हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सकल हिंदू समाज एवं नगर वासी हिंदू परिवारों के संयुक्त

## 9 वर्ष से संचालित है अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

प्यासे को पानी और भूखे को भोजन कराने को सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। बेसहारा और निराश्रित लोगो को जहां अपने दो वक्त की रोटी के लिए दर दर भटकना पड़ता था, वही खिरकिया नगर में समाजसेवी उन्हे सम्मानपूर्वक वर्षो से भोजन करा रहे है।

इसके लिए उन्होने स्वयं भोजनशाला खोलकर रखी है। जहां कोई भी गरीब, निराश्रित व्यक्ति पहुंचकर निःशुल्क भोजन कर सकता है। पूर्व विधायक स्व. बद्रीनारायण अग्रवाल के पुत्र प्रवीण (राजू) अग्रवाल द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल को 9 वर्ष पूर्ण हो गए है। उनकी यह सेवा सतत जारी है। खिरकिया के अलावा प्रदेश में तीन अन्य स्थानो पर भी वे निःशुल्क भोजन शाला व आश्रम का संचालन कर रहे है। उन्होने इस पहल से सेवाभावना का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने काम कारोबार की जिम्मेदारियों के साथ ही यह सेवा कार्य कर सकते हैं। बेसहारा लोगों, गरीबों और भिक्षावृत्ति करने वालों को भरपेट भोजन मिल सके, इसके लिए उन्होंने नो वर्ष पहले पहल प्रारंभ की थी। शहर में नवदुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र के बैनर तले



अन्नपूर्णा निःशुल्क भोजनशाला खोलकर भोजनशाला में न केवल भिक्षुक बल्कि गरीबों और शहर में रह रहे निःशक्तजनों, बेसहाराओं के लिए निःशुल्क भोजन उपलब्ध होने लगा। खिरकिया नगर में तो वे वर्षो से यह पुनीत कार्य कर रहे है, इससे आगे बढ़कर उन्होने प्रदेश में तीन अन्य स्थानो पर भी भोजनशाला और आश्रम संचालित कर रहे है। प्रदेश में रत्ना गांव अमरकंटक ओर डिंडोरी के बीच हाइवे पर दक्षिण तट पर मां नर्मदा सेवाश्रम के नाम से आश्रम संचालित कर रहे है। इसके अलावा टाट पाथर जिला अनूपपुर में उत्तर तट पर आश्रम का संचालन कर रहे है। जहां पर नर्मदा परिक्रमावासी विश्राम करते है, उन्हे भोजन मिलता है।

## राज्य स्तरीय समावेशी क्रिकेट खिताब गर्ल्स ऑन फायर हंडिया ने जीता

**हरदा।** आयोजित राज्य स्तरीय समावेशी क्रिकेट कप का खिताब गर्ल्स ऑन फायर हंडिया ने जीत लिया है। शुक्रवार रात शहर के नेहरू स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में हंडिया की टीम ने गुना टाइटन्स को 24 रनों से हराया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गर्ल्स ऑन फायर हंडिया ने निर्धारित 6 ओवर में 70 रन बनाए।

जवाब में, गुना टाइटन्स की टीम 6 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 46 रन ही बना सकी। इस तरह हंडिया ने 24 रनों से जीत दर्ज की। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। लीग मैचों के बाद 16 टीमों का चयन हुआ, जिसके बाद सुपर 16 और फिर क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। सेमीफाइनल में हंडिया और निमाचा के साथ-साथ गुना और गाड़ामोड़ की टीमें पहुंची थीं। जीत के बाद



गर्ल्स ऑन फायर हंडिया की कप्तान कीर्ति निकुम भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि आज की जीत की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। हम पांच सालों से ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों को खेलने के लिए तैयार कर रहे थे। आज हमारी टीम के खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई है। वहीं, उपविजेता गुना टाइटन्स की कप्तान नंदिनी रघुवंशी ने कहा-खेल में हार-जीत तो चलती है, लेकिन हमारी टीम यहां तक पहुंची यह बड़ी बात है। हम अगले साल पूरी कोशिश करेंगे कि हम फर्स्ट आएं। मैच के समापन पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ट्राफी जीतने के बाद गर्ल्स ऑन फायर हंडिया की टीम ने खुशी का इजहार किया। इन मुकाबलों के बाद अब शीर्ष टीमें फाइनल मुकाबले में आमने-सामने होई समावेशी कप की सबसे खास बात यह है कि इसमें लड़कियाँ कप्तान की भूमिका निभाती हैं और लड़के उप-कप्तान होते हैं, जिससे मैदान पर ही नहीं बल्कि समाज में भी समानता और सम्मान का संदेश जाता है।राज्यभर से आए अधिकतर खिलाड़ी ग्रामीण और अर्ध-शहरी पृष्ठभूमि से हैं, जहाँ लड़कियों को खेल के अवसर कम मिलते हैं। समावेशी कप ने उन्हें मंच, नेतृत्व और आत्मविश्वास दिया है। यह सिर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का अभियान है, जहाँ हर रन बराबरी की ओर एक कदम है।

## कैंसर जागरूकता अभियान में दी जानकारी



खिरकिया। कैंसर जागरूकता अभियान के तहत डॉक्टर दर्शना सोनी द्वारा गुर्जर महिला समूह के हल्दी कुमुकुम कार्यक्रम में केंसर,शुगर और अन्य हार्ट संबधी बीमारियो के लक्षण ,प्रिवेंशन और ट्रीटमेंट पर बात की। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में गंभीर कारणों पर संज्ञान लेने हेतु पारिवारिक समर्थन की भी बात की। करीब 35 ब्मादुडेंट्स और महिलाओ में 40 महिलाओ के बीच यह उद्देश्य आज पूर्ण हुआ। युवाओं को धार्मिक भावनाओं के तहत करवाई करते हुए अपने कर्मो को सही दिशा में ले जाने हेतु मूल जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए इसी संदेश के साथ जेंडर समानता,शिक्षा,न्यूज पेपर पढ़ने की आदतों का खुलासा हुआ,बहुत ही कम लोगो को कैंसर शब्द का अर्थ पता था ,बाकी लोग चुप थे लेकिन देश की प्रगति में ये लापरवाही बाधक है इसलिए हर किसी को अपने आस पास होने वाले भेदभाव को मिटाकर एकता के साथ आगे बढ़ना होगा वर्ना मानसिक तनाव के कारण कैंसर जैसी बीमारियो पर रोक लगाना बहुत मुश्किल होगा।

### विजीबिलटी रही काफी कम, सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहरा

# न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में गुरुवार सुबह फिर कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दिया है। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कल के 10 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम है। तापमान में इस गिरावट के साथ ही सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

#### मौसमी बीमारियों से बचने के लिए डॉक्टरों ने दी सलाह

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने संभावित शीत लहर और बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतलहर से बचाव के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें और स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान दें। डॉ. डेहरिया ने बताया कि शीतलहर के दौरान फ्लू, खांसी, सर्दी और जुकाम जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत स्थानीय



स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं या चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाए, न रुकने वाली कपकपी हो, याददाश्त चली जाए, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था हो, या जुबान लड़खड़ाए, तो तुरंत उचित इलाज किया जाना चाहिए। गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर और जूते पहनें। डॉ. डेहरिया ने सलाह दी कि शीतलहर के समय चुस्त कपड़े न पहनें, क्योंकि ये रक्त संचार को कम करते हैं। इसके बजाय, हल्के ढीले-ढाले सूती कपड़े बाहर की तरफ और ऊनी कपड़े अंदर की ओर पहनें। जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और केवल अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें।

## ओलंपियाड परीक्षा हुई आयोजित



**सीहोर**।जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 2026 जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा शासकीय छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना ताकि भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राएं सफल हो सके।आज ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2 एवम 3 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित , कक्षा 6 से 8 तक हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की परीक्षा आयोजित की है।परीक्षा तीन शिफ्ट में थी कुल 481 विद्यार्थियों में से 382 विद्यार्थी उपस्थित रहे।